एमएसएमई विभाग और वॉलमार्ट एवं फ्लिपकार्ट के बीच एमओयू

चर्चा में क्यों?

30 नवंबर, 2021 को मध्य प्रदेश के कुशाभाऊ ठाकरे हाल (मिंटो हाल) में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की सुनियोजित नीति के तहत एमएसएमई विभाग ने मध्य प्रदेश के 14 लाख से अधिक नवउद्यमियों के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता का बनाने और प्रतिस्पर्द्धा तथा मार्केटिंग चेन बनाने के लिये वॉलमार्ट एवं फ्लिपकार्ट के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

</ul style="list-style-type: square;">

- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा की उपस्थिति में विभाग के सचिव पी. नरहरि और वॉलमार्ट के डायरेक्टर जोसफ जूलियन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर तथा आदान-प्रदान हुआ। फ्लिपकार्ट के रीजनल हेड डी.पी. वानकानी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।
- एमएसएमई मंत्री ने कहा कि नवउद्यमियों को इस एमओयू से संबल मिलेगा। यह एमओयू रिटेल और होलसेल मार्केटिंग के साथ ही उत्पाद की पैकिंग, प्रतिस्पर्द्धा, गुणवत्ता और लागत को उपभोक्ता के हिसाब से सुनिश्चित करने के लिये नवउद्यमियों को प्रशिक्षित भी करेगा।
- आयुक्त और एमएसएमई सचिव पी. नरहरि ने कहा कि इस एमओयू से मध्य प्रदेश के उद्यमियों के उत्पादों के लिये देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ताओं के बीच नए द्वार खुलेंगे। इस एमओयू में नए-नए मॉड्यूल, उद्योगों के विकास, प्रशिक्षण, सेमीनार आदि को भी समाहित किया गया है। राज्य के नवउद्यमी इससे लाभांवित होंगे।
- वॉलमार्ट वृद्धि के डायरेक्टर जोसफ जूलियन ने कहा कि वे उद्योगों के विकास, बाज़ार और प्रतिस्पर्द्धा के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे।
- फ्लिपकार्ट के रीजनल हेड डी.पी. वेलीकान ने कहा कि मध्य प्रदेश की उद्योग मित्र नीतियाँ उनके नेटवर्क के अनुकूल हैं। उन्होंने कोरोनाकाल में राज्य शासन द्वारा उद्योगों को दी गई सहूलियतों का उल्लेख करते हुए कहा कि फ्लिपकार्ट एमएसएमई सेक्टर को आगे ले जाने का हर संभव प्रयास करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-msme-department-and-walmart-and-flipkart